# यूपीएससी प्रारंभिक अभ्यास प्रश्न - सेट 3

प्रश्न 1. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

1. प्वाइंट कैलिमेरे वन्यजीव और पक्षी अभयारण्य : तमिलनाडु
2. पेंच बाघ अभयारण्य : अरुणाचल प्रदेश
3. पोबितोरा वन्यजीव अभयारण्य : पश्चिम बंगाल

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 3
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 2. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. मूल संविधान में न्यायाधिकरणों के संबंध में प्रावधान नहीं थे। 44वें संशोधन अधिनियम, 1976 के द्वारा एक नया भाग जोड़ा गया जो न्यायाधिकरणों से संबंधित है।
2. अनुच्छेद 323A के तहत न्यायाधिकरणों को किसी भी 'उपयुक्त विधानमंडल' द्वारा कानून पारित करके स्थापित किया जा सकता है।
3. राज्य प्रशासनिक न्यायाधिकरण (SAT) के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राज्यपाल द्वारा संबंधित उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश के परामर्श के बाद की जाती है।

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) 1, 2 और 3
c) 2 और 3
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 3. निम्नलिखित पहाड़ियों को पूर्व से पश्चिम की ओर व्यवस्थित कीजिए:

1. नागा पहाड़ियाँ
2. मिकिर पहाड़ियाँ
3. जयंतिया पहाड़ियाँ
4. गारो पहाड़ियाँ

विकल्प:

a) 1-2-3-4
b) 2-3-4-1

c) 3-4-1-2
d) 4-1-2-3

प्रश्न4. राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा एक समिति की सिफारिशों पर की जाती है जिसमें शामिल होते हैं-

1. प्रधानमंत्री
2. लोकसभा अध्यक्ष
3. राज्यसभा के उपसभापति
4. संसद के दोनों सदनों में विपक्ष का नेता
5. केंद्रीय गृह मंत्री

विकल्प:

a) केवल 1, 2, 3 और 4
b) केवल 1, 2 और 4
c) केवल 1, 3 और 4
d) 1, 2, 3, 4 और 5

प्रश्न 5. भारत के निम्नलिखित में से किस क्षेत्र में शेल गैस संसाधन पाए जाते हैं?

1. खंभात बेसिन
2. कावेरी बेसिन
3. कृष्णा-गोदावरी बेसिन

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 3
c) केवल 2 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 6: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राज्यसभा के लिए 12 सदस्यों को मनोनीत करना राष्ट्रपति के लिए बाध्यकारी है।
2. सदस्यों का मनोनयन राष्ट्रपति का विवेकाधिकार है।
3. कार्यकाल समाप्त होने के बाद किसी सदस्य को पुनर्नियुक्ति नहीं किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं:

a) 1 और 2
b) 2 और 3
c) केवल 3

d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 7: क्रय प्रबंधक सूचकांक या PMI एक आर्थिक संकेतक है, जिसे विभिन्न कंपनियों के मासिक सर्वेक्षण के बाद निकाला जाता है। PMI के निर्माण के लिए प्रश्नावली निर्माण कंपनियों को भेजी जाती है | प्रश्न 5 प्रमुख चर से संबंधित होते हैं:

1. नए आर्डर
2. उत्पादन
3. रोज़गार
4. 4आपूर्तिकर्ताओं का वितरण समय
5. खरीदी गई वस्तुओं का स्टॉक

निम्नलिखित में से कौन उनके भारांक के अनुसार सही बढ़ते क्रम को दर्शाता है:

a) 5-4-3-2-1
b) 1-2-3-4-5
c) 1-3-4-2-5
d) 5-4-2-3-1

प्रश्न 8: वंदे भारत मिशन संबंधित है:

a) कोविड-19 के कारण नियमित अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के निलंबन के बाद विदेशों में फंसे भारतीयों को वापस लाना
b) दक्षिण सूडान से भारतीय नागरिकों का निष्कासन
c) जिबूती में समुद्री डकैती रोधी अभियानों में भारत की भूमिका
d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

प्रश्न 9: 'वन धन योजना' संबंधित है:

a) वित्तीय समावेशन से
b) रेहड़ी-पटरी वालों को कर राहत से
c) कोविड-19 लॉकडाउन के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा घोषित सावधि ऋण पर छह महीने के अधिस्थगन से
d) आदिवासियों के आर्थिक विकास से

प्रश्न 10: 1927 की बटलर समिति का उद्देश्य था?

a) केंद्र और प्रांतीय सरकारों के अधिकार क्षेत्र को परिभाषित करना
b) भारत के राज्य सचिव की शक्तियों को परिभाषित करना
c) राष्ट्रीय प्रेस पर सेंसरशिप लागू करना

d) भारत सरकार और भारतीय राज्यों के बीच संबंधों में सुधार करना

प्रश्न 11: निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (NCPCR) का कार्य नहीं है?

a) बच्चों के लिए उपलब्ध सुरक्षा उपायों पर केंद्र सरकार को एक वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करना
b) बाल अधिकारों के उल्लंघन की जांच करना और ऐसे मामलों में कार्यवाही शुरू करने की सिफारिश करना
c) बाल अधिकारों के क्षेत्र में अनुसंधान करना और बढ़ावा देना
d) सभी निजी गैर-सहायता प्राप्त स्कूलों में आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के बच्चों के लिए सीटों के आरक्षण की मात्रा निर्धारित करना

प्रश्न 12: कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. अधिनियम में यौन उत्पीड़न से संबंधित शिकायतों को सुनने और उनका निवारण करने के लिए 100 से अधिक कर्मचारियों वाले संगठन या संस्थान के प्रत्येक कार्यालय में आंतरिक शिकायत समिति (ICC) की स्थापना की परिकल्पना की गई है।
2. एक पीड़ित महिला घटना की तारीख से तीन महीने तक ICC को लिखित शिकायत दर्ज करा सकती है।
3. जांच शुरू करने से पहले पीड़ित और प्रतिवादी के बीच मामले को सुलह के माध्यम से निपटाने के लिए कदम उठाए जाने चाहिए।

विकल्प:

a) 1 और 2
b) 1 और 3
c) 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 13: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा कोविड-19 महामारी की प्रतिक्रिया के रूप में 2020 में इंडिया साइकिल 4 चेंज (India Cycles 4 Change) चुनौती शुरू की गई थी।
2. चुनौती को पिछले साल आत्मनिर्भर भारत अभियान के तहत शुरू किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 14: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. शंघाई सहयोग संगठन (SCO) 2001 में शंघाई में घोषित एक स्थायी अंतर-सरकारी अंतरराष्ट्रीय संगठन है।
2. शासनाध्यक्ष परिषद (HSC) SCO में निर्णय लेने वाली सर्वोच्च संस्था है।
3. शासनाध्यक्ष परिषद साल में एक बार बैठक करती है और संगठन के सभी महत्वपूर्ण मामलों पर लिए गए निर्णयों और दिशानिर्देशों को अंगीकार करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 15. हाल ही में कुछ शेरों को गुजरात के उनके प्राकृतिक आवास से निम्नलिखित में से किस एक स्थल पर स्थानांतरित किये जाने का प्रस्ताव था?

a) कॉर्बेट राष्ट्रीय उद्यान
b) कुनो पालपुर वन्यजीव अभयारण्य
c) मुदुमलाई वन्यजीव अभयारण्य
d) सरिस्का राष्ट्रीय उद्यान

प्रश्न 16: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वहाबी आंदोलन की प्रतिक्रिया के कारन वर्ष 1870 में भारतीय दंड संहिता (IPC) में राजद्रोह कानून को शामिल किया गया था।
2. राजद्रोह भारतीय संविधान के तहत नागरिकों के भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अधिकार पर 8 उचित प्रतिबंधों में से एक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 17: सतत विकास लक्ष्य (SDG) भारत सूचकांक के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. सूचकांक का उद्देश्य देश , राज्यों तथा केंद्र शासित प्रदेशों की सामाजिक, आर्थिक और पर्यावरणीय स्थिति पर एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करना है।
2. लक्ष्य 12, 13, 14 और 17 को सतत विकास लक्ष्य (SDG) भारत सूचकांक से बाहर रखा गया है।
3. केंद्र और राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों को देश में सतत विकास लक्ष्यों को अपनाने और उसके पर्यवेक्षण पर निगरानी करने का अधिकार है।
4. सूचकांक को 2018 में जारी किया गया था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) 1 और 4
b) 1 और 2
c) 1, 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 18: ब्लैक कार्बन (BC) निक्षेप के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ये अल्पकालिक प्रदूषक हैं जिन्हें ग्रह को गर्म करने में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता माना जाता है।
2. खाना पकाने के लिए तरलीकृत पेट्रोलियम गैस के उपयोग में तेजी लाने से BC उत्सर्जन में कमी आ सकती है।
3. BC निक्षेप सूर्य के प्रकाश की सतह परावर्तन को बढ़ाते हैं।
4. BC निक्षेप वायु के तापमान को बढ़ाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) 1, 2 और 3
b) 1, 2 और 4
c) 1 और 2
d) 1, 3 और 4

प्रश्न 19: निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. खाद्य तेलों के लिए भारत की समग्र आयात निर्भरता 2021 में समाप्त हो गई है।
2. 2019-20 के आंकड़ों की तुलना में 2020-21 में खाद्यान्न उत्पादन में कमी आई है।
3. घरेलू खाद्य जरूरतों को पूरा करने के लिए 2020-21 में भारत का कृषि निर्यात लगभग 18 प्रतिशत कम हो गया है।

a) केवल 1
b) 1 और 2
c) 1 और 3
d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

प्रश्न 20: 'प्रधानमंत्री जन-धन योजना' किसके लिए शुरू की गई है?

a) गरीब लोगों को सस्ती ब्याज दरों पर आवास ऋण उपलब्ध कराने के लिए
b) पिछड़े क्षेत्रों में महिला स्वयं सहायता समूहों को बढ़ावा देने के लिए
c) देश में वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के लिए
d) हाशिए के समुदायों को वित्तीय सहायता प्रदान करने के लिए

Q.21 हाल ही में, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने वायरस वेरिएंट के लिए एक नामकरण प्रणाली तैयार की है जो निम्नलिखित में से किस आधार पर है?

a) उद्गम देश (Country of origin)
b) ग्रीक अल्फाबेट
c) पौराणिक आंकड़े
d) रोमन संख्याएँ

Q.22 हाल ही में चर्चा में रहा प्रोजेक्ट 75-I निम्नलिखित में से किससे संबंधित है?

a) भारतीय नौसेना के लिए परमाणु ऊर्जा से चलने वाली पनडुब्बियों का निर्माण
b) फ्रांस से राफेल लड़ाकू विमानों की खरीद
c) वियतनाम को ब्रह्मोस क्रूज मिसाइलों का निर्यात
d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

Q.23 निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही हैं?

1. हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण (Hydrographic survey) समुद्री स्थलाकृतिक विशेषताओं के माप और विवरण का विज्ञान है जो समुद्री नेविगेशन और अन्य समुद्र-आधारित गतिविधियों को प्रभावित करता है।
2. भारत के पास यह तकनीक नहीं है और यह हिंद महासागर क्षेत्र में हाइड्रोग्राफिक सर्वेक्षण के लिए अमेरिका पर निर्भर है।

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

Q.24 निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही हैं?

1. कैंसर इम्यूनोथेरेपी (प्रतिरक्षा चिकित्सा) एक नया दृष्टिकोण है जो कैंसर से लड़ने के लिए शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली का दोहन करता है।
2. भारत के पहले स्वदेशी ट्यूमर एंटीजन SPAG9 की खोज 1998 में की गई थी।
3. इस एंटीजन को ट्रेडमार्क 'ASPAGNII' प्राप्त हुआ है और इसका उपयोग सर्वाइकल, डिम्बग्रंथि के कैंसर और स्तन कैंसर के इलाज में डेनड्रिटिक सेल (dendritic cell-DC) आधारित इम्यूनोथेरेपी में किया जा रहा है।

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 3
d) 1, 2 और 3

Q.25 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. विश्व की अधिकांश प्रवाल भित्तियाँ उष्ण कटिबंधीय जल में हैं।
2. दुनिया की एक तिहाई से अधिक प्रवाल भित्तियाँ ऑस्ट्रेलिया, इंडोनेशिया और फिलीपींस के क्षेत्रों में स्थित हैं।
3. प्रवाल भित्तियों में उष्ण कटिबंधीय वर्षावनों की तुलना में कहीं अधिक संख्या में जीवों के समूह (animal phyla) मौजूद होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1 और 2
b) केवल 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

Q26. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत में पांच बाघ परिदृश्य (landscapes) हैं।
2. TraMCA राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (NTCA) द्वारा शुरू की गई एक सॉफ्टवेयर-आधारित निगरानी प्रणाली है।
3. ताडोबा-अंधारी टाइगर रिजर्व महाराष्ट्र राज्य में है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन से सही हैं?

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

Q27. बुर्किना फासो (Burkina Faso) के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा गलत है?

a) यह पश्चिम अफ्रीका में स्थित एक लैंडलॉक (landlocked) देश है।
b) यह अफ्रीका के अर्ध-शुष्क साहेल क्षेत्र का हिस्सा है।
c) भूमध्य रेखा बुर्किनो फासो से गुजरती है।
d) बुर्किना फासो का प्रमुख जातीय भाषाई समूह मोस्सी (Mossi) है।

Q28. जैव चिकित्सा अपशिष्ट (Biomedical wastes) को चार रंग श्रेणियों में बांटा गया है, इस सन्दर्भ में निम्नलिखित में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

1. येलो - मानव शारीरिकी (Human anatomical) अपशिष्ट, पशु शारीरिकी (animal anatomical) अपशिष्ट
2. ऑरेंज - दूषित प्लास्टिक की थैली, बोतलें
3. व्हाइट - स्केलपेल (Scalpels) , ब्लेड, सुई,
4. ब्लू - टूटे कांच के बने पदार्थ या मेटलिक बॉडी इम्प्लांट

विकल्प:

a) केवल 1, 2 और 3
b) केवल 1, 3 और 4
c) केवल 2, 3 और 4
d) 1, 2, 3 और 4

Q29. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. H10N3 वायरस का एक दुर्लभ प्रकार है जो आमतौर पर पोल्ट्री (poultry) को संक्रमित करता है।
2. H5N1 सबसे आम वायरस है जो बर्ड फ्लू या एवियन इन्फ्लूएंजा का कारण बनता है। हालांकि यह काफी हद तक पक्षियों तक ही सीमित है, फिर भी यह अन्य जानवरों में भी फ़ैल सकता है, लेकिन इंसानों को संक्रमित नहीं कर सकता है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) इनमें से कोई नहीं

Q30. निम्नलिखित में से किसे अनिवार्य रूप से 'समावेशी शासन' का अंग कहा जा सकता है?

1. गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों को बैंकिंग की अनुमति देना
2. सभी जिलों में प्रभावी जिला योजना समितियों की स्थापना
3. सार्वजनिक स्वास्थ्य पर सरकारी खर्च बढ़ाना
4. मध्याह्न भोजन योजना को सुदृढ़ बनाना

निम्नलिखित कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए :

a) केवल 1 और 2
b) केवल 3 और 4
c) केवल 2, 3 और 4
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 31. आम्र वर्षा के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह वर्षा आमतौर पर वसंत ऋतु के अंत में होती है।
2. यह कर्नाटक और केरल राज्यों में सामान्य है।

विकल्प:

a) केवल 1

b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 32. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. मानसून की अरब सागर शाखा बंगाल की खाड़ी की शाखा से काफी प्रबल होती है।
2. दक्षिण पश्चिम मानसून के दौरान सभी दक्षिण भारतीय राज्यों में भारी वर्षा होती है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 33. प्रदर्शन श्रेणीकरण सूचकांक (Performance Grading Index) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह सालाना जारी किया जाने वाला एक सूचकांक है जो डेटा-आधारित ढांचे के माध्यम से राज्यों में शासन के प्रदर्शन की जांच करता है और उन्हें सामाजिक तथा आर्थिक विकास पर रैंक प्रदान करता है।
2. इसे बेंगलुरु स्थित थिंक टैंक पब्लिक अफेयर्स सेंटर (PAC) द्वारा जारी किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 34. भारत निम्नलिखित में से किस सम्मेलन और संधियों का हस्ताक्षरकर्ता है?

1. जैविक हथियार सम्मेलन (BWC)
2. रासायनिक हथियार सम्मेलन (CWC)
3. ऑस्ट्रेलिया समूह
4. वासेनार व्यवस्था
5. क्लस्टर युद्ध सामग्री पर सम्मेलन

विकल्प:

a) केवल 1, 2, 3 और 4
b) केवल 2, 3, 4 और 5
c) केवल 1, 3, 4 और 5
d) 1, 2, 3, 4 और 5

प्रश्न 35. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारत संघ की कार्यपालिका शक्ति प्रधानमंत्री में निहित है।
2. प्रधानमंत्री सिविल सेवा बोर्ड का पदेन अध्यक्ष होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न 36. अरावली पर्वत श्रृंखला के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. अरावली पर्वत श्रृंखला तीन राज्यों से होकर गुजरती है।
2. गुरु शिखर सबसे ऊँची चोटी है।
3. यह भारत में वलित पर्वतों की सबसे पुरानी श्रृंखला है।

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 37. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. किशोर न्याय अधिनियम 2015 के अनुसार, जघन्य अपराधों के आरोपित किशोरों जिनकी आयु 15-18 वर्ष के बीच होगी, उन पर वयस्कों के रूप में मुकदमा चलाया जाएगा और उन्हें वयस्क न्याय प्रणाली के माध्यम से प्रक्रमणित (processed ) किया जाएगा।
2. "जघन्य अपराध" में वे अपराध शामिल हैं जिनके लिए भारतीय दंड संहिता या किसी अन्य कानून के तहत न्यूनतम पांच साल या उससे अधिक के लिए कारावास की सजा का प्रावधान है।

उपरोक्त में से कौन सा/से कथन सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 38. छह देशों की पहल लंकांग-मेकांग सहयोग (LMC) में, निम्नलिखित में से कौन से देश भागीदार/प्रतिभागी नहीं है/हैं?

1. बांग्लादेश
2. कंबोडिया
3. चीन
4. म्यांमार
5. थाईलैंड
6. भारत

**विकल्प:**

a) केवल 2, 3, 4 और 5
b) केवल 1 और 6
c) केवल 3, 4 और 5
d) केवल 1, 2 और 5

प्रश्न 39. निम्नलिखित में से किस देश की सीमा पेरू से लगती है?

1. वेनेजुएला
2. कोलंबिया
3. पैराग्वे
4. चिली
5. बोलीविया

विकल्प:

a) केवल 1, 2, 3 और 4
b) केवल 2, 4 और 5
c) केवल 1, 3 और 4
d) 1, 2, 3, 4 और 5

प्रश्न 40. कार्बन क्रेडिट के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा सही नहीं है?

a) कार्बन क्रेडिट प्रणाली क्योटो प्रोटोकॉल के संयोजन में सम्पुष्ट की गई थी।

b) कार्बन क्रेडिट उन देशों या समूहों को प्रदत्त की जाती है जो ग्रीन-हाउस गैसों का उत्सर्जन घटाकर उसे उत्सर्जन अभ्यंश के नीचे ला चुके होते हैं ।
c) कार्बन क्रेडिट प्रणाली का लक्ष्य कार्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन में हो रही वृद्धि पर अंकुश लगाना है।
d) कार्बन क्रेडिट का कारोबार संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के द्वारा समय-समय पर नियत मूल्यों के आधार पर किया जाता है।

प्रश्न 41: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. मुख्य चुनाव आयुक्त की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा अन्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की जाती है।
2. किसी चुनाव आयुक्त को सर्वोच्च न्यायालय के न्यायाधीश के समान तरीके से और उसी आधार पर हटाया जाता है।
3. चुनाव आयुक्त का कार्यकाल समाप्त होने के बाद, वह राज्य सभा का सदस्य बनने के लिए अपात्र होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

a) 1 और 2
b) 1 और 3
c) 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 42: निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. वर्तमान में बावन देशों और क्षेत्रों को संयुक्त राष्ट्र OHRLLS द्वारा लघु द्वीपीय विकासशील देशों (SIDS) के रूप में वर्गीकृत किया गया है।
2. संयुक्त राष्ट्र द्वारा SIDS को उनके सुरक्षा मुद्दों के लिए एक विशेष मामले के रूप में मान्यता दी गई थी।
3. त्रिनिदाद और टोबैगो, मालदीव, सिंगापुर और बहरीन SIDS के कुछ सदस्य हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) 1 और 2
b) 1 और 3
c) 2 और 3
d) उपर्युक्त सभी

प्रश्न 43: हाल ही में चर्चा में रहा ऑपरेशन पैंजिया XIV, है:

a) अवैध चिकित्सा व्यापार पर वैश्विक कार्रवाई
b) महाद्वीपीय बहाव सिद्धांत का मूल्यांकन करने के लिए अनुसंधान अध्ययन
c) आर्कटिक क्षेत्र में तेल और गैस अन्वेषण पहल
d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

प्रश्न 44: निम्नलिखित में से कौन सा/से सही सुमेलित है/हैं?

| | त्रुटि | विवरण |
|---|---|---|
| 1. | 403 | A - सर्वर सूचना अनुरोध के नियंत्रण में असमर्थ है |
| 2. | 404 | B - अनुरोधित पृष्ठ उपलब्ध नहीं है |
| 3. | 503 | C - संसाधन निषिद्ध है |

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए:

a) 1-C, 2-B, 3-A
b) 1-A, 2-B, 3-C
c) 1-B, 2-A, 3-C
d) 1-B, 2-C, 3-A

प्रश्न: 45 निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

भारत का महान्यायवादी-

1. लोकसभा की कार्यवाही में भाग ले सकता है
2. लोकसभा की किसी समिति का सदस्य हो सकता है
3. लोकसभा में बोल सकता है
4. लोकसभा में मतदान कर सकता है

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) 2 और 4
c) 1, 2 और 3
d) केवल 1 और 3

प्रश्न 46. न्यूनतम समर्थन मूल्य (MSP) के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

1. इसकी घोषणा बुवाई की अवधि के अंत में भारत सरकार द्वारा की जाती है।
2. MSP कृषि लागत और मूल्य आयोग (CACP) की सिफारिशों पर वर्ष में दो बार निर्धारित की जाती है और इसकी सिफारिश बाध्यकारी होती है।
3. MSP में वाणिज्यिक फसलों को भी शामिल किया गया है।

विकल्प:

a. केवल 1 और 2
b. केवल 2 और 3

c. केवल 3
d. 1, 2 और 3

प्रश्न 47. निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए:

| पत्र/पत्रिका का नाम | संस्थापक/संपादक का नाम |
|---|---|
| 1. यंग इंडिया | मोहनदास करमचंद गांधी |
| 2. नवजीवन | सचिंद्रनाथ सान्याली |
| 3. जुगंतर | बरिंद्र कुमार घोष और भूपेंद्रनाथ दत्त |

उपर्युक्त युग्मों में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

प्रश्न 48. निम्नलिखित में से कौन सा राष्ट्रीय उद्यान असम राज्य में स्थित है?

1. काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान
2. डिब्रू सैखोवा राष्ट्रीय उद्यान
3. नामेरी राष्ट्रीय उद्यान
4. ओरंग राष्ट्रीय उद्यान
5. दिहिंग पटकाई राष्ट्रीय उद्यान
6. रायमोना राष्ट्रीय उद्यान

विकल्प:

a. केवल 1, 2, 3 और 6
b. केवल 2, 3, 4, 5 और 6
c. केवल 1, 2, 3, 4 और 5
d. 1, 2, 3, 4, 5 और 6

प्रश्न 49. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) वित्तीय समावेशन के लिए गठबंधन (AFI) का सदस्य है।

2. RBI में 4 डिप्टी गवर्नर होते हैं, जिसमें से दो बाहरी और दो केंद्रीय बैंक से होते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a. केवल 1
b. केवल 2
c. दोनों
d. कोई भी नहीं

प्रश्न 50. 1919 के भारत शासन अधिनियम की निम्नलिखित में से कौन सी प्रमुख विशेषता/विशेषताएं है/हैं?

1. प्रांतों की कार्यकारिणी सरकार में द्वैध शासन की व्यवस्था
2. मुसलमानों के लिए पृथक साम्प्रदायिक निर्वाचक मंडलों की व्यवस्था
3. केंद्र द्वारा प्रांतों को विधायी शक्ति का हस्तांतरण

निम्नलिखित कूटों का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

a. केवल 1
b. केवल 2 और 3
c. केवल 1 और 3
d. 1, 2 और 3

प्रश्न 51. निम्नलिखित में से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

1. लिली थॉमस मामला: राजनीति के अपराधीकरण का मुद्दा
2. आई. आर. कोएल्हो मामला: नौवीं अनुसूची में सम्मिलित कानूनों की न्यायिक जांच की जा सकती थीं
3. किहोतो होलोहन मामला: दलबदल विरोधी कानून के तहत सांसदों और विधायकों की अयोग्यता

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 52. नारकोटिक ड्रग्स और मनोदैहिक पदार्थ (Psychotropic Substances )अधिनियम के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह भारतीय संविधान के अनुच्छेद 47 में निहित निदेशक सिद्धांतों पर आधारित है।

2. केंद्र सरकार मनोदैहिक पदार्थों की सूची में वस्तुओं को जोड़ सकती है या उससे हटा सकती है, लेकिन राज्य सरकार ऐसा नहीं कर सकती है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 53. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा अटलांटिक चार्टर का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

a) यह प्रमुख अर्थशास्त्रियों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों द्वारा समर्थित विकासशील देशों के लिए आर्थिक नीति की सिफारिशों का एक समूह था।
b) यह संयुक्त राज्य अमेरिका और ग्रेट ब्रिटेन द्वारा द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान जारी एक संयुक्त घोषणा थी जिसने युद्ध के बाद की दुनिया के लिए एक दृष्टिकोण निर्धारित किया था।
c) यह एंटी-बैलिस्टिक मिसाइल (ABM) प्रणाली के परिसीमन (limitation) पर संयुक्त राज्य अमेरिका और सोवियत संघ के बीच एक संधि है।
d) यह दिशानिर्देशों का एक समूह था जिसके कारण ब्राजील, पराग्वे, उरुग्वे और अर्जेंटीना सहित एक आर्थिक और राजनीतिक ब्लॉक की स्थापना हुई।

प्रश्न 54. CHIME के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह नीदरलैंड, जर्मनी, यूके, फ्रांस, स्वीडन, पोलैंड, आयरलैंड और इटली में रेडियो एंटीना का एक नेटवर्क है, जो हाई-स्पीड फाइबर ऑप्टिक केबल से जुड़े हैं।
2. यह फास्ट रेडियो बर्स्ट (Fast Radio Bursts) की घटना के अवलोकन के लिए एक श्रेष्ठ उपकरण है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 55. 'क्षेत्रीय सहयोग के लिए हिंद महासागर रिम संघ (IOR-ARC)' के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. इसकी स्थापना अत्यंत हाल ही में समुद्री डकैती की घटनाओं और तेल अधिप्लाव की दुर्घटनाओं के प्रतिक्रियास्वरूप की गई थी।
2. यह एक ऐसी मैत्री है जो केवल समुद्री सुरक्षा हेतु है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

Q56. राम प्रसाद बिस्मिल के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. वह कम उम्र से ही आर्य समाज से जुड़े थे।
2. अपने जीवन के प्रारंभिक चरण में उनका मानना था कि अहिंसा के माध्यम से स्वतंत्रता प्राप्त की जा सकती है।
3. उन्होंने मैनपुरी षडयंत्र और लाहौर षडयंत्र में भाग लिया था।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 2 और 3
d) केवल 3

Q57. राष्ट्रीय हरित अधिकरण (NGT) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह देश में पर्यावरणीय मामलों के न्यायनिर्णयन के उद्देश्य से आवश्यक विशेषज्ञता से युक्त एक विशेष निकाय है
2. यह न केवल पर्यावरण संरक्षण और वनों के संरक्षण से संबंधित मामलों के त्वरित निपटान में मदद करता है, अपितु पर्यावरण से जुड़े मामलों में व्यक्तियों और संपत्ति के नुकसान के लिए मुआवजा भी प्रदान करता है।
3. एनजीटी सिविल प्रक्रिया संहिता (Code of Civil Procedure) के तहत निर्धारित प्रक्रिया के प्रति बाध्य होगा।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3

d) 1, 2 और 3

Q58. हाल ही में चर्चा में रहा EnVision निम्नलिखित में से क्या है ?

a) शुक्र के लिए यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी का मिशन
b) वायु गुणवत्ता और मौसम पूर्वानुमान प्रणाली
c) हाई-परफॉर्मेंस कंप्यूटिंग-आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (HPC-AI) सुपरकंप्यूटर प्रोजेक्ट
d) जीन साइलेंसिंग तकनीक

Q59. निम्नलिखित में से कौन वायुमंडलीय एरोसोल के स्रोत हैं?

1. ऑटोमोबाइल
2. बिजली संयंत्र
3. सिगरेट
4. ज्वालामुखी विस्फ़ोट
5. रेगिस्तानी आँधी

विकल्प :

a) केवल 1, 2, 4 और 5
b) केवल 1, 2 और 4
c) केवल 1, 2, और 3
d) 1, 2, 3, 4 और 5

Q60. सिंधु घाटी सभ्यता के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिएः :

1. यह मुख्य रूप से एक धर्मनिरपेक्ष सभ्यता थी, हालांकि धार्मिक तत्व की मौजूदगी थी, फिर भी ये जीवन पर हावी नहीं थे।
2. इस काल में भारत में कपास का उपयोग वस्त्र निर्माण के लिए किया जाता था।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न61. निम्नलिखित युग्मों से कौन सा/से सुमेलित है/हैं?

1. ऑपरेशन ब्लू स्टार: स्वर्ण मंदिर में छिपे सशस्त्र उग्रवादियों को ख़त्म करना।
2. ऑपरेशन पवन: लिबरेशन टाइगर्स ऑफ तमिल ईलम (LTTE) से जाफना पर नियंत्रण पाने के लिए इंडियन पीस कीपिंग फोर्स (IPKF) का ऑपरेशन।
3. ऑपरेशन विजय: कारगिल सेक्टर से घुसपैठियों को खदेड़ने के लिए भारतीय ऑपरेशन।
4. ऑपरेशन ओलिविया: भारतीय सशस्त्र बलों द्वारा हैदराबाद के निज़ाम के शासन का अंत।

विकल्प:

a) केवल 1, 2 और 3
b) केवल 2, 3 और 4
c) केवल 1, 3 और 4
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 62. ओलिव रिडले के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ओलिव रिडले अटलांटिक, प्रशांत, आर्कटिक और हिंद महासागर में पाए जाते हैं।
2. ओलिव रिडले को अंतर्राष्ट्रीय प्रकृति संरक्षण संघ की लाल सूची में सुभेद्य के रूप में सूचीबद्ध किया गया है।
3. ओडिशा का तट उनके लिए सबसे बड़ा सामूहिक घोंसला बनाने का स्थल है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2 और 3
c) केवल 2
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 63. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. प्रवाल भित्तियाँ (Coral reefs ) आमतौर पर उष्ण कटिबंध के उथले जल में पाई जाती हैं।
2. केवल कठोर मूंगे ही भित्तियां बनाते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) उपर्युक्त में से कोई नहीं

प्रश्न 64. हाल ही में चर्चित भरितलासुचस तपानी (Bharitalasuchus tapani) निम्नलिखित में से क्या है?

a) गोवा में वैज्ञानिकों द्वारा चिन्हित जीनस कुडाक्रूमिया के ततैया की एक नई प्रजाति ।
b) 240 मिलियन वर्ष पूर्व का एक मांसाहारी सरीसृप ।
c) अंडमान और निकोबार द्वीप समूह का एक अदरक ।
d) असम से खोजी गई एक नई मछली का जीवाश्म।

प्रश्न 65.निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. राज्य में मुख्य सचिव की नियुक्ति उस राज्य के राज्यपाल द्वारा की जाती है।
2. राज्य में मुख्य सचिव का एक निश्चित कार्यकाल होता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न 66. भितरकनिका राष्ट्रीय उद्यान के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह ओडिशा राज्य में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान है।
2. यह एक रामसर स्थल है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 67. पायरोस्ट्रिया लालजी के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह भारत में पायरोस्ट्रिया वंश का प्रथम प्रमाण (first record) है।
2. यह अंडमान द्वीप समूह में खोजे गए कॉफी परिवार (coffee family) के वंश से संबंधित है।
3. इसे IUCN द्वारा विलुप्तप्राय के रूप में वर्गीकृत किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1 और 2

b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और ३
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 68. कावासाकी रोग के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह एक दुर्लभ वायरल जूनोटिक बीमारी है जो मुख्य रूप से उष्णकटिबंधीय वर्षावनों के आस पास मध्य और पश्चिम अफ्रीका के दूरदराज के हिस्सों में रहने वाले लोगों में होती है।
2. यह ज्यादातर विभिन्न जंगली जानवरों जैसे कि कृन्तकों और प्राइमेट से लोगों में फैलता है।

विकल्प:

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 69. निम्नलिखित में से कौन से दुर्लभ मृदा खनिज हैं?

1. नियोडाइमियम
2. सेलेनियम
3. प्रेसियोडीमियम
4. डिस्प्रोसियम
5. यूरेनियम
6. थोरियम

विकल्प:

a) केवल 1, 2, 3, 4 और 5
b) केवल 2, 4, 5 और 6
c) केवल 1, 3 और 4
d) 1, 2, 3, 4, 5 और 6

प्रश्न 70. "नई स्टार्ट" संधि चर्चा में रही थी। यह संधि क्या है?

a) यह संयुक्त राज्य अमेरिका और रूसी संघ के बीच नाभिकीय हथियारों पर कटौती करने की द्विपक्षीय सामरिक महत्त्व की संधि है।
b) यह पूर्वी एशिया शिखर सम्मेलन के सदस्यों के बीच एक बहुपक्षीय ऊर्जा सुरक्षा सहयोग संधि है।
c) यह रूसी संघ और यूरोपीय संघ के बीच ऊर्जा सुरक्षा सहयोग संधि है।
d) यह ब्रिक्स देशों के बीच व्यापार को बढ़ावा देने के लिए की गई बहुपक्षीय सहयोग संधि है।

प्रश्न 71. तिलक स्वराज कोष निम्नलिखित में से किस आंदोलन को निधि देने के लिए शुरू किया गया था?

a) सविनय अवज्ञा आन्दोलन
b) स्वदेशी आंदोलन
c) असहयोग आंदोलन
d) भारत छोड़ो आंदोलन

प्रश्न 72.निम्नलिखित में से कौन से कथन सही हैं?

1. राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर) एक संवैधानिक निकाय है।
2. यह सुनिश्चित करता है कि सभी कानून, नीतियां, कार्यक्रम और प्रशासनिक तंत्र भारत के संविधान और बाल अधिकारों पर संयुक्त राष्ट्र कन्वेंशन में निहित बाल अधिकार परिप्रेक्ष्य के अनुरूप हैं।
3. इसके पास बाल अधिकारों के उल्लंघन के गंभीर मामलों का स्वत: संज्ञान लेने का अधिकार है।

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 1 और 3
d) केवल 2 और 3

प्रश्न 73. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. फ्लोटिंग राफ्ट कृषि (Floating raft agriculture) उन क्षेत्रों के उपयोग का एक तरीका है जो खाद्य उत्पादन में लंबे समय तक जलग्रस्त रहते हैं।
2. इस दृष्टिकोण के तहत बांस के ढांचे पर स्थापित तैरते हुए राफ्ट को खाद के रूप में कार्य करने वाली अपघटित जलकुंभी या सड़ी हुई वनस्पति के साथ कॉयर जियोटेक्सटाइल द्वारा एक साथ संघटित किया जाता है।
3. फ्लोटिंग राफ्ट कृषि को जलवायु परिवर्तन की पृष्ठभूमि में अनुकूलन क्षमता और लचीलेपन में सुधार के उपाय के रूप में अपनाया गया है।

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 74. 'कार्मन रेखा' (Karman Line) का सबसे अच्छा वर्णन क्या है?

a) विशिष्ट आर्थिक क्षेत्र और अंतरराष्ट्रीय जल क्षेत्र के बीच की सीमा को चिह्नित करती है।
b) पृथ्वी के वायुमंडल और बाह्य अंतरिक्ष के बीच की सीमा को परिभाषित करती है।

c) यह नौवहन के लिए भूमध्य रेखा के अनुदिश एक संदर्भ रेखा है।
d) उपर्युक्त में से कोई भी नहीं

प्रश्न 75. निजता का अधिकार जीवन और व्यक्तिगत स्वतंत्रता के अधिकार के आंतरिक भाग के रूप में संरक्षित किया गया है। भारत के संविधान में निम्नलिखित में से कौन सा सही और उचित रूप से उपरोक्त कथन का अर्थ है?

a) अनुच्छेद 14 और संविधान के 42वें संशोधन के तहत प्रावधान
b) अनुच्छेद 17 और भाग IV में राज्य के नीति निर्देशक सिद्धांत
c) अनुच्छेद 21 और भाग III में गारंटीकृत स्वतंत्रता
d) अनुच्छेद 24 और संविधान के 44वें संशोधन के तहत प्रावधान

प्रश्न 76. निम्नलिखित में से कौन सा शहर ब्रह्मपुत्र घाटी में स्थित है?

1. गुवाहाटी
2. डिब्रूगढ़
3. आइजोल
4. तेजपुर

a) केवल 1 और 2
b) केवल 1, 2 और 3
c) केवल 2, 3 और 4
d) केवल 1, 2, और 4

प्रश्न 77. निम्नलिखित कथनों में से कौन से सही हैं?

1. हुमायूँ के मकबरे का निर्माण हुमायूँ के पुत्र अकबर ने करवाया था।
2. मकबरे को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल घोषित किया गया है।
3. अंतिम मुगल सम्राट, बहादुर शाह जफर ने 1857 के विद्रोह के दौरान रंगून में निर्वासित होने से पहले यहां शरण ली थी।

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2
c) केवल 1 और 3
d) केवल 2 और 3

प्रश्न 78. 'क्राइस्टचर्च कॉल टू एक्शन समिट' निम्नलिखित में से किससे संबंधित है ?

a) क्रिप्टोकरेंसी का निर्माण (खनन) से जुड़े ग्रीन हाउस गैस उत्सर्जन से निपटना

b) अतिवादी कंटेंट के ऑनलाइन प्रसार पर अंकुश लगाना
c) तेल रिसाव और समुद्री आपदाओं को रोकना
d) जलवायु अनुकूल कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना

प्रश्न 79. हाल ही में चर्चा में रहा मयुन द्वीप/पेरिम द्वीप निम्नलिखित में से किस महत्वपूर्ण समुद्री चोकपॉइंट (maritime chokepoint) के पास स्थित है?

a) मलक्का जलडमरूमध्य
b) स्वेज़ नहर
c) बाब-अल-मंडेब जलडमरूमध्य
d) होर्मुज़ु जलडमरूमध्य

प्रश्न 80. हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) का उद्घाटन 2015 में भारतीय नौसेना की अध्यक्षता में भारत में किया गया था।
2. हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी (IONS) एक स्वैच्छिक पहल है जो हिंद महासागर क्षेत्र के तटीय राज्यों की नौसेनाओं के बीच समुद्री सहयोग बढ़ाने का प्रयास करती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1 और 2 दोनों
d) न तो 1, न ही 2

प्रश्न 81. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से गलत है/हैं?

1. भारत जल्द ही नोडल एजेंसी के रूप में भारतीय नौसेना के साथ एक गहन सागर मिशन शुरू करने जा रहा है।
2. मिशन का एक उद्देश्य मध्य हिंद महासागर की गहराई में पॉलीमेटेलिक नॉड्यूल्स (polymetallic nodules) की खनन क्षमता का पता लगाना है।
3. राष्ट्रीय अधिकार क्षेत्र की सीमाओं से परे अंतरराष्ट्रीय समुद्री क्षेत्र में सभी खनिज संबंधी गतिविधियों को संयुक्त राष्ट्र संगठन के एक निकाय, अंतर्राष्ट्रीय समुद्र तल प्राधिकरण, द्वारा नियंत्रित किया जाता है।
4. पॉलीमेटेलिक नॉड्यूल्स के दोहन के लिए भारत को संयुक्त राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय समुद्री तल प्राधिकरण द्वारा मध्य हिंद महासागर बेसिन (CIOB) में 75,000 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र आवंटित किया गया है।

a) केवल 1
b) केवल 1 और 2

c) केवल 3 और 4
d) केवल 2, 3 और 4

प्रश्न 82. निम्नलिखित में से कौन दक्षिण चीन सागर को प्रशांत महासागर से जोड़ता है?

a) मलक्का जलडमरूमध्य
b) सुंडा जलडमरूमध्य
c) लूजोन जलडमरूमध्य
d) थाईलैंड की खाड़ी

प्रश्न 83. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. भारत ने हाल ही में सौर ऊर्जा कवरेज का विस्तार करने के श्रीलंका के प्रयासों का समर्थन करने के लिए 100 मिलियन डॉलर का ऋण दिया है।
2. श्रीलंका भारत द्वारा शुरू किए गए अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन का सदस्य नहीं है।
3. श्रीलंका पर भारत का लगभग 1 बिलियन डॉलर का कर्ज बकाया है।

a) केवल 1
b) केवल 2
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 84. 'विवाद से विश्वास' योजना संबंधित है -

a) प्रदूषकों पर पर्यावरण उपकर से
b) प्रत्यक्ष कर विवाद समाधान से
c) चिकित्सा बीमा दावों के निपटान से
d) जीएसटी से संबंधित विवादों के समाधान से

प्रश्न 85. हाल ही में निम्नलिखित में से किस राज्य ने एक लंबे नौसंचालन चैनल द्वारा समुद्र से जोड़े जाने के लिए एक कृत्रिम अंतर्देशीय बंदरगाह के निर्माण की संभावना का पता लगाया है?

a) आंध्र प्रदेश
b) छत्तीसगढ
c) कर्नाटक
d) राजस्थान

प्रश्न 86. निम्नलिखित कथनों में से कौन सा बॉन चुनौती का सबसे अच्छा वर्णन करता है?

a) 2020 तक 150 मिलियन हेक्टेयर और 2030 तक 350 मिलियन हेक्टेयर क्षरित और वनरहित भूमि को बहाल करने का यह एक वैश्विक लक्ष्य है।
b) b.इसका उद्देश्य खतरनाक अपशिष्ट के प्रतिकूल प्रभावों से मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण की रक्षा करना है।
c) c.यह मानव स्वास्थ्य और पर्यावरण को स्थायी जैविक प्रदूषकों (POP) से बचाने के लिए एक वैश्विक संधि है।
d) d.इसका उद्देश्य राजनीतिक इच्छाशक्ति को उत्तेजित करके, कानून प्रवर्तन में सुधार करके और उपभोक्ता मांग को कम करके अवैध वन्यजीव तस्करी का मुकाबला करना है।

प्रश्न 87. निम्नलिखित में से कौन भारत में शिक्षा के विकास से संबंधित है?

1. फाउलर समिति
2. हार्टोग समिति
3. मैक्डोनेल आयोग
4. सैडलर आयोग
5. वुड्स घोषणापत्र

विकल्प:

a) केवल 1, 2 और 3
b) केवल 2, 3, 4 और 5
c) 1, 2, 3, 4 और 5
d) केवल 2, 4 और 5

प्रश्न 88. कोई आर्द्रभूमि अंतरराष्ट्रीय महत्व की मानी जा सकती है यदि वह निम्नलिखित में से किस मानदंड को पूरा करती है?

1. यह किसी उपयुक्त जैव-भौगोलिक क्षेत्र के भीतर अवस्थित प्राकृतिक या निकट-प्राकृतिक प्रकार की प्रतिनिधिक, दुर्लभ, या अद्वितीय लक्षण वाली आर्द्रभूमि का उदाहरण हो।
2. यह असुरक्षित, विलुप्तप्राय, या गंभीर रूप से विलुप्तप्राय प्रजातियों या संकटग्रस्त पारिस्थितिक समुदायों को संरक्षण प्रदान करती हो।
3. यह पादपों और/या जानवरों की प्रजातियों को उनके जीवन चक्र में एक महत्वपूर्ण चरण में सुरक्षा प्रदान करती हो, या प्रतिकूल परिस्थितियों में आश्रय प्रदान करती हो।
4. यह नियमित रूप से 20,000 या अधिक जलपक्षियों को संरक्षण प्रदान करती हो।

विकल्प:

a) केवल 1, 2 और 3

b) केवल 2, 3 और 4
c) केवल 1, 3 और 4
d) 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 89. मियाज़ाकी आम के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. ये मुख्य रूप से दक्षिण कोरिया में उगाए जाते हैं।
2. ये आम एंटीऑक्सिडेंट से भरपूर होते हैं और इनमें बीटा-कैरोटीन और फोलिक अम्ल होता है, जो उन लोगों के लिए बहुत अच्छा है जिन्हें थकान ग्रस्त आँखों के लिए मदद की ज़रूरत होती है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 90. निम्नलिखित में से कौन भौगोलिक दृष्टि से ग्रेट निकोबार के सबसे निकट है?

a) सुमात्रा
b) बोर्नियो
c) जावा
d) श्रीलंका

प्रश्न 91. कुल प्रजनन दर का अर्थ है:

a) किसी दिए गए वर्ष में किसी देश में पैदा हुए बच्चों की कुल संख्या को उस वर्ष की जनसंख्या से विभाजित किया जाता है।
b) प्रजनन की पूरी अवधि के दौरान प्रति महिला प्रत्याशित पैदा होने वाले बच्चों की औसत संख्या।
c) वर्तमान जनसंख्या स्तर को बनाए रखने हेतु प्रत्येक महिला के सन्दर्भ में बच्चों की औसत संख्या की आवश्यकता होती है।
d) किसी दिए गए वर्ष में जनसंख्या में प्रति 1000 व्यक्तियों पर जीवित जन्मों की संख्या।

प्रश्न 92. काला धन निम्नलिखित में से किस तरीके से उत्पन्न होता है ?

1. कर अपवंचन (Tax evasion)
2. कर से बचाव (Tax avoidance)

3. तस्करी
4. हवाला
5. कर नियोजन (Tax planning)

निम्नलिखित में से सही विकल्प का चयन कीजिए::

a) केवल 1, 3, 4 और 5
b) केवल 1, 3 और 4
c) केवल 3 और 4
d) केवल 1, 2, 3 और 4

प्रश्न 94. कर मामलों में पारस्परिक प्रशासनिक सहायता पर कन्वेंशन के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. इसे आर्थिक सहयोग और विकास संगठन (OECD) और यूरोप की परिषद (Council of Europe) द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया था।
2. यह कन्वेंशन सूचनाओं के आदान-प्रदान, करों के संग्रह में सहायता और कर विवाद समाधान जैसे मुद्दों से संबंधित है।
3. सभी ब्रिक्स देश इस कन्वेंशन के हस्ताक्षरकर्ता हैं।

विकल्प :

a) केवल 1
b) केवल 2
c) 1, 2 और 3
d) केवल 2 और 3

प्रश्न 95. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अनुच्छेद 370 उस समय समय संविधान का एक हिस्सा था जब इसे 26 जनवरी, 1950 को लागू किया गया था।
2. गुप्कर गठबंधन (Gupkar Alliance) एक ऐसा समूह है जिसमें विभिन्न राजनीतिक दल और नागरिक समाज संगठन शामिल हैं।
3. अनुच्छेद 370 को निरस्त करने से पूर्व पहली गुप्कर घोषणा पर हस्ताक्षर किए गए थे।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1

b) केवल 2 और 3
c) केवल 1 और 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 96. घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

1. यह किसी ऐसे कार्य के संचालन या कमीशन पर लागू होता है जो किसी व्यक्ति को नुकसान या चोट पहुंचाता है या नुकसान या चोट पहुंचाने की क्षमता रखता है। इसमें चूक (ommision) से हुई घटना शामिल नहीं है।
2. घरेलू हिंसा में शारीरिक, वित्तीय, यौन हिंसा शामिल है न कि भावनात्मक शोषण जो इस अधिनियम का प्रमुख दोष है।
3. कानून में बच्चों को भी शामिल किया गया है।

विकल्प:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 2 और 3
c) केवल 3
d) 1, 2 और 3

प्रश्न 97. हरित हाइड्रोजन के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए:

1. यह कार्बन कैप्चर और भंडारण प्रौद्योगिकियों के साथ जीवाश्म ईंधन से उत्पादित होता है और कम प्रदूषणकारी होता है
2. हरित हाइड्रोजन का उपयोग उद्योग में किया जा सकता है और घरेलू उपकरणों को ऊर्जा प्रदान करने के लिए मौजूदा गैस पाइपलाइनों में संग्रहीत किया जा सकता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन सा/से सही है/हैं?

a) केवल 1
b) केवल 2
c) दोनों
d) कोई भी नहीं

प्रश्न 98. कोयले के निम्न प्रकारों को कार्बन सामग्री के आधार पर उच्चतम से निम्नतम रैंक तक व्यवस्थित कीजिए:

1. पीट
2. बिटुमिनस
3. एन्थ्रेसाइट

4. लिग्नाइट

विकल्प:

a) 1-2-3-4
b) 2-3-1-4
c) 3-2-4-1
d) 4-3-2-1

प्रश्न 99. हाल ही में चर्चा में रहा निष्ठा (NISHTHA) है-

a) औषधि विभाग द्वारा सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराने के लिए शुरू किया गया एक अभियान।
b) एक एकीकृत शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से प्रारंभिक स्तर पर सीखने के परिणामों में सुधार लाने के उद्देश्य से एक कार्यक्रम।
c) परित्यक्त, खोए हुए या संदिग्ध व्यक्ति के साथ देखे गए बच्चों की रिपोर्ट करने हेतु नागरिकों के लिए वेब पोर्टल।
d) एक योजना जिसके तहत गर्भवती महिलाओं को सीधे उनके बैंक खाते में नकद लाभ प्रदान किया जाता है।

प्रश्न 100. अजंता और महाबलीपुरम नामक दो ऐतिहासिक स्थानों में कौन सी बात/बातें समान है/हैं?

1. दोनों एक ही समयकाल में निर्मित हुए थे।
2. दोनों का एक ही धार्मिक सम्प्रदाय से संबंध है।
3. दोनों में शिलाकृत स्मारक हैं।

उपर्युक्त कूट का प्रयोग कर सही उत्तर का चयन कीजिए:

a) केवल 1 और 2
b) केवल 3
c) केवल 1 और 3
d) उपर्युक्त कथनों में से कोई भी सही नहीं है

## उत्तर सूची सेट 3

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. a | 11. d | 21. b | 31. b | 41. d | 51. d | 61. a | 71. c | 81. a | 91. b |
| 2. d | 12. c | 22. d | 32. a | 42. b | 52. c | 62. b | 72. d | 82. c | 92. d |

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3. a | 13. d | 23. a | 33. d | 43. a | 53. b | 63. c | 73. d | 83. c | 93. c |
| 4. d | 14. d | 24. d | 34. a | 44. a | 54. b | 64. b | 74. b | 84. b | 94. c |
| 5. d | 15. b | 25. d | 35. d | 45. c | 55. d | 65. d | 75. c | 85. d | 95. d |
| 6. b | 16. a | 26. c | 36. d | 46. a | 56. a | 66. c | 76. d | 86. a | 96. c |
| 7. a | 17. a | 27. c | 37. d | 47. c | 57. a | 67. a | 77. d | 87. d | 97. b |
| 8. a | 18. b | 28. d | 38. b | 48. d | 58. a | 68. d | 78. b | 88. d | 98. c |
| 9. d | 19. d | 29. a | 39. b | 49. c | 59. d | 69. c | 79. c | 89. b | 99. b |
| 10. d | 20. c | 30. c | 40. d | 50. c | 60. c | 70. a | 80. b | 90. a | 100. b |